Email - sonekikalam@gmail.com
आर.एन.आई. रजि. नं. 52089/91

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक - चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

वर्ष - 33 अंक - 42 (साप्ताहिक ) इन्दौर, 28 नवंबर से 4 दिसम्बर 2024 , गुरुवार मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

## प्रियंका वाड्रा ने संविधान की लाल किताब लेकर ली शपथ



**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र जारी है और इसी बीच, गुरुवार को प्रियंका वाड्रा ने संसद सदस्य के रूप में शपथ ली। प्रियंका को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान, प्रियंका ने संविधान की लाल किताब हाथ में लेकर हिंदी में शपथ ली। इस खास मौके पर उन्होंने केरल की प्रसिद्ध जरी वाली साड़ी पहनी, जो राज्य की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक मानी जाती है। प्रियंका वाड्रा ने वायनाड उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद सांसद के रूप में शपथ ली। इससे पहले, प्रियंका अपनी मां सोनिया गांधी, भाई राहुल गांधी और पति रॉबर्ट वाड्रा के साथ संसद भवन पहुंची थीं। उनके दोनों बच्चे भी इस अवसर पर संसद पहुंचे। संसद भवन में प्रवेश करते समय प्रियंका ने मीडिया से कहा, आज मैं बहुत खुश हूं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 से 30 नवम्बर जर्मनी की यात्रा पर

## प्रसन्नता है कि 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



◆**भोपाल, सोने की कलम।**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूके दौरे के समापन पर कहा है कि इंग्लैंड का दौरा हमारे लिए कई अर्थों में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। सभी प्रकार के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश आए। आज बदलते दौर में मध्यप्रदेश में जो संभावनाएं हैं, उनको देखते हुये बड़े पैमाने पर नए निवेशकों ने रुचि दिखाई है, मुझे इस बात का संतोष है कि हमें 60 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव हुये हैं। इसमें सभी प्रकार के सेक्टर जैसे चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग और सर्विस सेक्टर शामिल है। एग्रीकल्चर में भी लोगों ने रुचि दिखाई है।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वार्विक मैन्युफेक्चरिंग ग्रुप के भ्रमण में कहा कि विश्वविद्यालयों और अकादमिक संस्थानों द्वारा किए जाने वाले शोध और अध्ययन की सार्थकता तभी है, जब वे समाज हित में हों। विश्व के कई देशों में शिक्षा के क्षेत्र में इस दिशा में पहल हो रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी नई शिक्षा नीति के माध्यम से इस ओर कदम बढ़ाए हैं। आने वाली चुनौतियों का सामना करने में विद्यार्थियों को सक्षम और समर्थ बनाना वर्तमान शिक्षा व्यवस्था की प्राथमिक आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को लंदन की वार्विक यूनिवर्सिटी पहुंचे और विशेष-विशेषज्ञों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह भट्टाचार्य जी के द्वारा स्थापित किया हुआ कैम्पस है, इसमें 30 हजार से अधिक विद्यार्थी पढ़ते हैं। यहाँ रिसर्च की मूल कल्पना है कि रिसर्च के साथ में इनोवशन भी करें, जिसका लाभ उद्योगों के साथ समाज को भी मिले। इससे हम बदलते दौर में स्वयं के विकास के साथ मानवता की सेवा भी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में ऑटोमोटिव क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्य जारी है, अभी भी अपार संभावनाएं विद्यमान हैं।

उन्होंने कहा कि संभावनाएँ तलाशी जायेंगी कि मध्यप्रदेश के युवा यूके के वार्विक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप में आकर दक्षता अर्जित करें और ग्रुप के विशेषज्ञ भी मध्यप्रदेश आकर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। साथ ही विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से डबल्यूएमपी ग्रुप को संबद्ध करने की दिशा में भी पहल होगी।

## युवक ने लिव-इन पार्टनर की हत्या कर शव के 400 टुकड़े किए

◆**सोने की कलम।**
**रांची ( झारखंड )।**



**खूंटी जिले में एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी और उसके शव को 40-50 टुकड़ों में काटकर जंगल में फेंक दिया। यह घटना एक जघन्य हत्या का मामला बन चुकी है, जिसमें आरोपी ने महिला को गला घोंटकर मारा और फिर शव के टुकड़े किए। पुलिस ने जांच में पाया कि यह हत्या 8 नवंबर को हुई थी, और आरोपी की पहचान नरेश भेंगरा के रूप में हुई है। इस घटना की जानकारी तब सामने आई जब 24 नवंबर को एक आवारा कुत्ते के पास मानव शरीर के अंग मिले थे।**

पुलिस के अनुसार, नरेश और उसकी लिव-इन पार्टनर कुछ समय पहले तमिलनाडु में रह रहे थे। नरेश ने अपनी पार्टनर को धोखे से झारखंड बुलाया, जहां उसने महिला के साथ रेप किया और फिर गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने शव के 40-50 टुकड़े किए और जंगल में फेंक दिया। महिला के शरीर के अंगों को जंगली जानवरों ने खा लिया था। पुलिस निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि नरेश ने हत्या की योजना बनाई थी क्योंकि वह अपनी लिव-इन पार्टनर को घर नहीं ले जाना चाहता था। जब महिला को नरेश की शादी का पता चला, तो उसने उसे खूंटी वापस लाने का दबाव बनाया। नरेश ने फिर महिला को जंगल में ले जाकर उसकी हत्या की और शव के टुकड़े कर दिए।

महिला की मां ने नरेश पर संदेह जताया और पुलिस को मामले की सूचना दी। महिला के शव के टुकड़ों और अन्य सामानों को बरामद करने के बाद उसकी मां ने पहचान की। नरेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, और पुलिस ने इस जघन्य अपराध की जांच जारी रखी है।

पुलिस ने बताया कि मृतक महिला का आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज एक बैग में मिले, जो आरोपी ने शव के पास छोड़ दिया था। बैग में महिला के व्यक्तिगत सामान के अलावा उसके परिवार के संपर्क विवरण भी थे, जिससे पुलिस को अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिले।

## प्रदेश में बढ़ेगा ठंड का कहर

### कश्मीर-हिमाचल में बर्फबारी शुरू; तमिलनाडु में बारिश का अलर्ट

◆**इंदौर, सोने की कलम।**




दिल्ली, यूपी और पूरे उत्तर भारत में ठंड बढ़ने से लगी। हिमालयी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी तापमान में गिरने का मुख्य कारण है। मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में दिसंबर के दूसरे हफ्ते से तापमान में बड़ी गिरावट होगी। लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना होगा।

कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रुक-रुक कर बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, इस शुक्रवार से हिमालयी क्षेत्रों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ दस्तक दे सकता है, जिससे शनिवार को हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू जिलों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा और बर्फबारी हो सकती है।

**जो व्यक्ति , स्पष्ट, साफ,सीधी बात करता है उसकी वाणी तीव्र एवं कठौर होती जरूर है लेकिन ऐसा व्यक्ति कभी किसी को धोखा नही देता**

## संपादकीय

# दूसरों को सुधारने से पहले स्वयं को अवश्य सुधारें!



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

हमारे समाज में अक्सर यह देखा जाता है कि लोग दूसरों को सुधारने की कोशिश करते हैं, परंतु खुद में सुधार की आवश्यकता को नजरअंदाज कर देते हैं। यह प्रवृत्ति परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में भी व्याप्त है। परंतु, यह समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि किसी अन्य व्यक्ति को सुधारने से पहले हमें स्वयं को सुधारना चाहिए।

खिलौने या औजार बनाने के लिए पहले सही साँचा तैयार करना होता है। यदि साँचा खोटा हो, तो वह जिस आकार में ढलने वाला है, वह भी खोटा होगा। यही बात मानव चरित्र पर भी लागू होती है। यदि हमें किसी को सही मार्ग पर चलाना है, तो सबसे पहले हमें अपने आचरण, विचार और व्यवहार में सुधार लाना होगा। परिवार की बेहतरी के लिए यह पहला कदम है कि हम पहले खुद को सुधारें। जब हम खुद को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करेंगे, तभी हमारे विचार और बातें दूसरों पर प्रभाव डाल पाएंगी।

यह सत्य है कि हम जो कुछ भी करते हैं, वही हमारे वास्तविक चरित्र को दर्शाता है। हमारा आंतरिक संसार हमारे बाहरी आचरण में दिखाई देता है। जब हमारे अंदर कोई दुराचार या अवगुण होते हैं, तो वे अपनी पूरी ताकत के साथ बाहर आकर दूसरे लोगों पर भी असर डालते हैं। यह छिपाए नहीं छिपते, चाहे हम कितनी भी कोशिश कर लें। विशेषत- जब हम दूसरों के साथ रहते हैं, तो वे हमारे सच्चे आचरण को पहचान जाते हैं। अत: यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने जीवन में स्वच्छता और सद्गुणों को महत्व दें।

व्यक्तित्व का मूल्यांकन केवल उसके विचारों से नहीं, बल्कि उसके कर्मों से किया जाता है। यही कारण है कि हमें केवल चिंतन को ही नहीं, बल्कि अपने चरित्र को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। जब हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हम जो कहते हैं, वही करते हैं, तब ही हम दूसरों के लिए प्रभावी उदाहरण बन सकते हैं। किसी को सुधारने की प्रक्रिया तभी सफल हो सकती है, जब हमारे अपने आचरण में सच्चाई और नैतिकता हो।

इसलिए, परिवार को एक सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए हमें स्वयं को सुसंस्कारित करना होगा। बाहरी ज्ञान और परामर्श से अधिक महत्वपूर्ण है हमारा स्वयं का उदाहरण, जो दूसरों को सिखाने से कहीं अधिक प्रभावशाली सिद्ध होता है। यदि हम अपने जीवन में सच्चाई, संयम, और संवेदनशीलता को अपने आदर्श बनाते हैं, तो हम न केवल अपने परिवार को बल्कि समाज को भी एक बेहतर दिशा में मार्गदर्शन कर सकते हैं।

### दूसरों से पहले स्वयं पर काम करें

यह कहा जाता है कि किसी व्यक्ति का आंतरिक संसार ही उसकी बाहरी दुनिया को आकार देता है। यदि हम अपने भीतर बदलाव लाते हैं, तो वह स्वत: ही हमारे बाहरी आचरण में झलकेगा और लोग उसे महसूस करेंगे। परिवार हो या समाज, अगर हम चाहते हैं कि वे हमसे प्रेरित होकर अच्छे कार्य करें, तो हमें पहले अपनी गलतियों और कमजोरियों को स्वीकार करके उन्हें सुधारने की कोशिश करनी होगी।

# जान देने की सनक, गाडियों के सामने बार-बार जा रहा था, एक ने रौंद दिया

## पलासिया क्षेत्र की घटना, जिस वाहन के सामने आया उसका पता नहीं चला



**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**रात को एक शख्स ने पलासिया क्षेत्र में खूब ड्रामा किया। वह बार-बार गाड़ियों के सामने जा रहा था, लेकिन वहां मौजूद एक गार्ड उसे हर बार सडक़ से खींचकर ले आता था! आखिरकार एक वाहन रफ्तार से आया और उसे मौत की नींद सुला गया।**

पलासिया पुलिस ने बताया कि 47 साल के राजेश पिता दादू की मौत हो गई। वह सिरपुर, तहसील धारणी अमरावती का रहने वाला था। कल वह पलासिया क्षेत्र में नानकसर होटल के सामने खड़ा होकर सडक़ पर चलने वाले वाहनों के सामने बार-बार जा रहा था। वहां मौजूद गार्ड उसे पकडक़र लाता और समझाता, लेकिन उसकी हरकतें बंद नहीं हुईं और एक गाड़ी वाला उसे रौंदकर भाग गया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत बता दिया। जिस गाड़ी से हादसा हुआ उस गाड़ी की तलाश पुलिस आज सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखकर करेगी। उधर, यह साफ नहीं हो पाया है कि राजेश ऐसी हरकत क्यों कर रहा था। पुलिस उसके परिजनों के बयान लेगी, उसके बाद ही साफ होगा कि उसने इस तरह आत्महत्या क्यों की।

# आइशर ने प्रापर्टी ब्रोकर को मारी टक्कर, मौके पर मौत

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**आइशर ने रात को एक प्रापर्टी ब्रोकर को टक्कर मार दी। घटना में उनकी मौत हो गई। शैलेष कुमार जैन निवासी शिखरजी ड्रीम्स के शव का एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। शैलेष विजय नगर क्षेत्र में प्रापर्टी का काम करते थे।**

कल शाम को ओला स्कूटर पर सवार होकर घर जा रहे थे। देवास नाके के पास एक आइशर वाहन ने उन्हें रौंद दिया। घटना इतनी भीषण थी कि शैलेष की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन चालक पर केस दर्ज करने की बात कही है। एक अन्य हादसा पालदा क्षेत्र में भी हुआ। भीम पिता लक्ष्मण निवासी तेजाजी चौक पालदा को तीन इमली के बास स्थित प्रभु तौलकांटे के सामने किसी वाहन ने टक्कर मार दी। घटना में भीम की भी मौत हो गई। वह हरदा का रहने वाला था और इंदौर में नौकरी करने के लिए आया था।

# इंदौर से बैंकॉक के लिए सीधी इंटरनेशनल फ्लाइट नए साल में शुरू होगी

## एयर इंडिया एक्सप्रेस करेगी संचालन




**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**इंदौर से बैंकॉक के लिए एक नई सीधी इंटरनेशनल फ्लाइट सेवा नए साल के शुरुआत में शुरू होने जा रही है। इस फ्लाइट का संचालन एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा किया जाएगा, जिससे इंदौर से बैंकॉक तक यात्रा और आसान हो जाएगी।**

इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट के शुरू होने से केवल थाईलैंड की यात्रा ही नहीं, बल्कि इंदौर से कनाडा और यूएस जाने वाले यात्रियों के लिए भी यात्रा मार्ग सुगम होगा। एयर इंडिया एक्सप्रेस, इस फ्लाइट को कनाडा और यूएस की प्रमुख एयरलाइंस से भी कनेक्ट करेगी, जिससे दोनों देशों के यात्रियों को इंदौर से सीधे अपनी मंजिल तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

सूत्रों के अनुसार, इंदौर एयरपोर्ट पर यह फ्लाइट मार्च 2025 से पहले शुरू हो सकती है, और थाईलैंड सरकार से भी इस रूट के लिए जरूरी परमिशन मिल चुकी है। एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंदौर-बैंकॉक फ्लाइट के बाद सूरत से बैंकॉक के लिए भी फ्लाइट शुरू करने की योजना बना रही है।

इसके अलावा, थाईलैंड में ऑन अराइवल वीजा की सुविधा उपलब्ध है, जिससे भारतीय पर्यटकों को वीजा प्राप्त करने में भी कोई परेशानी नहीं होगी।

# मार्च 2025 तक ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रेन से पहुंच सकेंगे श्रद्धालु

## स्टेशन पर चल रहा फिनिशिंग का काम, 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाकर स्पीड ट्रायल किया गया

**◆इंदौर, सोने की कलम। देश दुनिया में प्रसिद्ध ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जल्द ही रेल सेवाएं मिलना शुरू हो जाएगी। मंदिर से करीब 10 किमी पहले मोरघड़ी गांव में ओंकारेश्वर रोड स्टेशन बनाया जा रहा है। जिसका 90 फीसद काम पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम चल रहा है।**



रतलाम मंडल ने इस स्टेशन से ट्रेन संचालन के लिए मार्च 2025 तक का लक्ष्य तय कर रखा है। इसी लिहाज से तेजी से काम भी किया जा रहा है। जनवरी-फरवरी तक स्टेशन भवन सहित तमाम यात्री सुविधाएं पूरी कर ली जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि सनावद से ओंकारेश्वर रोड स्टेशन से जुलाई में सीआरएस(कमीशन ऑफ रेलवे सेफ्टी) दल द्वारा निरीक्षण कर ओके रिपोर्ट दी जा चुकी है। नए ओंकारेश्वर रोड स्टेशन को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के डिजाइन पर तैयार किया जा रहा है। यह स्टेशन पुराने रेलवे स्टेशन से करीब 1.3 किमी सनावद की ओर मोरघड़ी गांव में बनाया जा रहा है। जमीनी सतह से यह स्टेशन करीब दो मीटर उंचाई पर आकार ले रहा है। स्टेशन के अंदर से गांव में जाने के लिए अंडर पास बनाया गया है। वहीं स्टेशन के प्लेटफार्म पर जाने के लिए सब-वे बनाया गया है। यहां प्लेटफार्म तक जाने के लिए लिफ्ट और सीढ़िया दोनों की सुविधा रहेगी। यहां पर पार्किंग, ठहरने के लिए रिटायरिंग रूम, तैयार होने के लिए वेटिंग हाल, फूड प्लाजा, स्टाल सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। पूरे स्टेशन पर ओंकारेश्वर तीर्थ, नर्मदा नदी और आस-पास की धरोहर- पर्यटन स्थल की पेटिंग और जानकारी चस्पा की जाएगी।

पार्किंग आदि भी मुख्य सड़क से दूसरी ओर बनाई जा रही है। स्टेशन भवन दो मंजिला बनाया गया है। यहां ग्राउंड फ्लोर पर बुकिंग कार्यालय व यात्री सुविधाएं होंगी। जुलाई में सनावद से ओंकारेश्वर रोड स्टेशन के बीच 5.4 किमी रेल खंड पर 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाकर स्पीड ट्रायल कर लिया गया है। यानी की मार्च माह तक ट्रेन संचालन शुरू हो जाएगा।

### अंडर पास से गुजरेगा यातायात

मोरटक्का के पास रेलवे फाटक-274 को खत्म कर अंडरपास बनाया गया है, जिसका 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। स्टेशन शुरू होते ही इंदौर-खंडवा फोरलेन का यातायात इसी अंडरपास से होकर गुजरेगा।

### 560 मीटर लंबे बने रहे स्टेशन पर होंगे दो प्लेटफार्म

*रतलाम मंडल में यह स्टेशन नई डिजाइन से बनाया जा रहा है। 560 मीटर लंबे स्टेशन पर दो प्लेटफार्म बनाएं गए हैं। तीन रेल लाइन भी बिछाई जा चुकी है। स्टेशन के प्लेटफार्म-1 पर जाने के लिए अंडरपास का उपयोग करना होगा।*

# मेट्रो और बस टर्मिनल को जोड़ने वाला ब्रिज निर्माण कार्य शुरू

**◆इंदौर, सोने की कलम। इंदौर में मेट्रो रेल नेटवर्क के निर्माण के साथ-साथ शहर में यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर काम चल रहा है। हाल ही में, आईएसबीटी (इंटरसिटी बस टर्मिनल) और मेट्रो स्टेशन को जोड़ने वाले ब्रिज का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। यह ब्रिज, दोनों स्टेशनों के बीच 20 मीटर से अधिक की दूरी को कम करने के लिए बनाया जा रहा है, ताकि यात्रियों को मेट्रो और बस सेवा के बीच आने-जाने में कोई कठिनाई न हो।**



इस ब्रिज के निर्माण से यात्रियों के लिए परिवहन व्यवस्था को सरल और सुगम बनाया जाएगा। खास बात यह है कि यह ब्रिज जमीन से लगभग 12 मीटर ऊंचा होगा, जिससे यात्रियों को मेट्रो स्टेशन तक पहुंचने में कोई रुकावट नहीं आएगी। इस ब्रिज पर पैदल मार्ग के साथ-साथ एस्केलेटर की भी सुविधा होगी, जिससे यात्रियों को अपने सामान के साथ यात्रा में आसानी हो।

मेट्रो के निर्माण कार्य की गति भी तेज है, खासकर एलिवेटेड कॉरिडोर पर। गांधी नगर से लेकर सुपर कॉरिडोर, एमआर-10 होते हुए विजय नगर, रेडिसन और रोबोट चौराहा तक मेट्रो की लाइन का निर्माण चल रहा है। इस पर काम कर रहे मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने हाल ही में यूरेशियन बैठक के दौरान इस कॉरिडोर को रोशनी से सजाया था।

इसी के साथ, साढ़े 5 किलोमीटर के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रायल रन भी शुरू हो चुका है, और अगले साल से व्यवसायिक संचालन की तैयारी भी की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत पटरियों का बिछाना, स्टेशनों का निर्माण, इलेक्ट्रिफिकेशन और सिग्नलिंग जैसी कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को तेज़ी से अंजाम दिया जा रहा है।

इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा एमआर-10, कुमेर्डी पर बनाए गए अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का संचालन जनवरी से शुरू होगा। इस टर्मिनल को मेट्रो स्टेशन से जोड़ने का उद्देश्य यात्रियों की आवाजाही को और अधिक सुविधाजनक बनाना है, ताकि वे मेट्रो के जरिए आसानी से बस टर्मिनल तक पहुँच सकें।

# नए साल में इंदौर को श्रीनगर से मिल सकता है सीधा रेल कनेक्शन

## मालवा सुपरफास्ट ट्रेन को श्रीनगर तक बढ़ाने का प्रस्ताव



**इंदौर। नए साल में महू-इंदौर-कटरा के बीच प्रतिदिन चलने वाली मालवा सुपरफास्ट ट्रेन को श्रीनगर तक बढ़ाया जा सकता है। इस ट्रेन के विस्तार के प्रस्ताव पर रेलवे बोर्ड में गंभीरता से विचार हो रहा है और पूरी उम्मीद है कि यह प्रस्ताव मंजूर होगा, क्योंकि मालवा के विस्तार में कोई तकनीकी समस्या नहीं है।**

यह संभावना इसलिए बन रही है, क्योंकि कटरा से बनिहाल होते हुए श्रीनगर तक का रेल रूट बनकर तैयार हो गया है। अपुष्ट खबरों के अनुसार इस विस्तारित रूट को जनवरी तक खोलने की तैयारी है। उसी के बाद मालवा एक्सप्रेस समेत कुछ और ट्रेनों का विस्तार श्रीनगर तक करने के प्रस्तावों पर विचार हो रहा है। मालवा एक्सप्रेस के विस्तार से मालवा और मध्यप्रदेश के लोगों का सीधा रेल कनेक्शन श्रीनगर से हो जाएगा।

### रातभर कटरा में खड़ी रहती है मालवा

अभी मालवा सुपरफास्ट प्रतिदिन दोपहर 12.15 बजे इंदौर से चलकर अगले दिन शाम 4.30 बजे कटरा पहुंचती है। इसके बाद यह ट्रेन अगले दिन सुबह 8.35 बजे कटरा से चलकर एक दिन बाद दोपहर 1.40 बजे इंदौर आती है। इस तरह यह ट्रेन करीब 16 घंटे तक कटरा में फालतू खड़ी रहती है। इसी समय का उपयोग कर ट्रेन को श्रीनगर तक बढ़ाने की योजना है। ट्रेन का मेंटेनेंस महू में होता है, इसलिए विस्तार में कोई तकनीकी बाधा नहीं है।

# पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 30 नवंबर को इंदौर में

## एक लाख से ज्यादा लोग होंगे शामिल

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर, पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री 30 नवंबर को इंदौर पहुंचेंगे। वे यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें 1 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। शास्त्री जी इस अवसर पर रग-रग हिंदू मेरा परिचय विषय पर अपना प्रवचन देंगे।**



इंदौर के लालबाग में 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक पांच दिवसीय आध्यात्मिक सेवा मेला होने जा रहा है। इसमें 30 नवंबर को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री शामिल होंगे और मुख्य वक्ता रहेंगे। इसमें हजारों युवाओं के जुटने की बात कही जा रही है। यह आयोजन नारी शक्ति को समर्पित रहेगा। साथ ही विविध थीम पर आयोजन होंगे। इनमें मातृ-पितृ वंदन, कन्या पूजन, गुरु वंदन सहित अन्य नृत्य नाटिका शामिल है। मेले में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र शास्त्री भी युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।

आयोजन समिति के सचिव विनोद बिरला ने बताया कि भारत की पुरातन संस्कृति, संस्कार, सभ्यता और आध्यात्म को वर्तमान पीढ़ी से अवगत कराने के उद्देश्य से पांच दिवसीय सेवा मेला 28 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय सेवा मेले को नारी शक्ति को समर्पित किया गया है। मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी नारी शक्ति थीम पर ही आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें मातृ-पितृ वंदन, कन्या पूजन, गुरु वंदन सहित अन्य नृत्य नाटिका शामिल है। पांच दिवसीय सेवा मेला आम नागरिकों के लिए सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक खुला रहेगा। वहीं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियां भी इस दौरान दी जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि पं. शास्त्री का यह प्रवचन कार्यक्रम लालबाग क्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है, जहां आज से मेला भी शुरू हो गया है। मेला परिसर में श्रद्धालु अपनी आस्था के साथ विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास का माहौल उत्पन्न करेगा। शास्त्री जी के प्रवचन में हिंदू धर्म, संस्कृति और उसकी महत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जो दर्शकों को धार्मिक और सामाजिक जागरूकता की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

### निगम द्वारा ओपन प्लॉट पर कचरा डालने पर

# फैक्ट्री पर 1.25 लाख का स्पॉट फाईन

## 10 से 12 डंपर फैक्ट्री का वेस्ट ओपन प्लॉट में डालने पर कार्यवाही

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में किसी भी प्रकार का कचरा व गंदगी फैलाने के साथ ही ओपन प्लॉट में कचरा डम्प करने वाले के विरूद्ध चालानी कार्यवाही के निर्देश के कम में झोन क्रमांक 22 में सीएसआई श्री अरविंद पथरोड द्वारा एसआर कम्पाउंड स्थित फाइबर ग्रैंड प्रायवेट लिमिटेड के विरूद्ध रूपये 1 लाख 25 हजार का स्पॉट फाइन किया गया।**




अपर आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा ने बताया कि झोन 22 सीएसआई श्री अरविंद पथरोड द्वारा आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में झोन कमांक 22 के अंतर्गत स्थित एएसआर कम्पांड के अंदर स्थित फाइबर ग्रैंड प्रायवेट लिमिटेड फैक्ट्री द्वारा ओपन प्लॉट पर फैक्ट्री का 10 से 12 डंपर वेस्ट डाला जाने से फैक्ट्री प्रबंधक को फैक्ट्री का कचरा फैलाने पर राशि रूपये 1 लाख 25 हजार का स्पॉट फाईन किया जाकर, राशि वसुल की गई। इसके साथ ही निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो द्वारा फैक्ट्री प्रबंधक को समझाइश दी गई कि फैक्ट्री से निकलने वाले वेस्ट को इण्डस्टीज क्षेत्र की कचरा संग्रहण वाहन में ही डाले। कार्यवाही के दौरान सीएसआई श्री अरविंद पथरोड, सीएसआई श्री पीयुष सिंगर, दरोगा व एजीटो टीम के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मठ-मंदिरों पर कब्जे के विरोध में युवाओं को करेंगे एकजुट

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

**मठ-मंदिरों पर होने वाले कब्जे और पुजारियों की जमीनों पर असामाजिक तत्वों द्वारा अतिक्रमण को लेकर अब फिर से अभियान की रूपरेखा बनाई जा रही है। इसके लिए गांव-गांव जाकर गोस्वामी समाज के युवाओं से चर्चा भी की जा रही है। समाज द्वारा जल्द ही एक बड़ा युवा सम्मेलन भी रखा गया है, जिसमें इन मुद्दों को शामिल किया जाएगा।**

अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा इस अभियान को चाय पर चर्चा नाम दिया गया है। इसमें समाज की एकजुटता संबंधी अन्य मुद्दों को शामिल किया गया है। समाज की युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष कमलपुरी गोस्वामी ने बताया कि अभियान के दौरान सबको साथ में लेकर समाज को संगठित करने, समाज की कुरीतियों को दूर करेंगे, समाज में फैले हुए गलत विचारों को दूर करेंगे, समाज को शिक्षा और दीक्षा के लिए यथासंभव प्रयास करेंगे व मुख्य समस्याएं जैसे समाधि स्थल पर अन्य लोगों का कब्जा होना, मठ-मंदिरो पर ठीक से व्यवस्थाएं नहीं होना और वहां से अतिक्रमण हटवाना जैसी समस्याओं को लेकर युवा शाखा द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

इसी को लेकर इंदौर युवा शाखा के प्रभारी राज भारती एवं जिलाध्यक्ष सचिन पुरी, अभिषेक भारती, नागेश पुरी, पंकज गिरि, माधव गिरि (कथावाचक), प्रवीण पुरी, महेंद्र पुरी, कुणाल पुरी ने मांगलिया क्षेत्र के ढाबली गांव, मांगलिया गांव, मंगल विहार कॉलोनी, गायत्री कॉलोनी, रघुवंशी कॉलोनी, मेल कलम गांव, तलावली चांदा, डकाच्या, लसूडिया, पलासिया, मंडलावदा, रिंगनोटी, कदवाली, गांधीनगर में जाकर युवाओं से बात की। इन इलाकों में समाज के लोगों की संख्या ज्यादा है। जल्द ही युवाओं का एक बड़ा सम्मेलन कराने की भी समाज की योजना है, जिसमें प्रदेशभर के युवा शामिल होंगे।

# नंदबाग से टिगरिया बादशाह तक सवा सौ से ज्यादा बाधाएं और शेष

**◆इंदौर, सोने की कलम।**

खड़े गणपति मंदिर से टिगरिया बादशाह तक सुपर कॉरिडोर को जोड़ने वाली सड़क के निर्माण में अब तक 150 से अधिक मकानों और दुकानों के हिस्सों को तोड़ा जा चुका है। हालांकि, इस मार्ग में अभी भी करीब 150 बाधाएं बाकी हैं, जिनमें से कुछ हिस्सों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि पहले जिन स्थानों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई हो चुकी है, वहां सड़क निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो चुका है और अब खुदाई के कार्य से ड्रेनेज और पानी की लाइनों को बिछाने का काम जारी है। यह सड़क 40 करोड़ की लागत से बनाई जाएगी, और इस परियोजना के तहत दो-तीन बार नपती और निशान लगाने की कार्रवाई की जा चुकी है। हालांकि, इस दौरान कई रहवासी विरोध में थे, क्योंकि कई मकान और दुकानें सड़क निर्माण की बाधा बन रही थीं। कुछ मकानों के हिस्से तो 10 से 15 फीट तक टूट गए हैं, जबकि कई जगहों पर सिर्फ 8-10 फीट का हिस्सा ही बचा है। निगम अधिकारियों के मुताबिक, फिलहाल पहले से तोड़े गए हिस्सों में काम पूरा किया जाएगा, और फिर बाकी के हिस्सों पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, कई स्थानों पर लोग खुद ही अपनी बाधाएं हटा रहे हैं, और निगम को उम्मीद है कि इस प्रक्रिया से सड़क निर्माण कार्य में और कोई बड़ी रुकावट नहीं आएगी। यह परियोजना शहर के यातायात के दबाव को कम करने और इंदौर को एक बेहतर परिवहन नेटवर्क देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, लेकिन फिलहाल इन बाधाओं के हटने से परियोजना में थोड़ी देरी हो सकती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड़, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)